प्रथम / द्वितीय प्रति

निविदा फार्म क्रमांक . . . . . .

अहस्तांतरणीय

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

"हितवाद परिसर" अवंति विहार, तेलीबांधा, मुख्यालय रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत वितरण हेतु

गेहूँ क्रय ई–निविदा दस्तावेज

(रायपुर–संभाग)

वर्ष 2014–2015 एवं 2015–16

निविदा दिनांक 05.02.2015

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

''हितवाद परिसर'' अवंति विहार, तेलीबांधा, मुख्यालय रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अन्तर्गत गेहूँ क्रय हेतु निविदा के सामान्य विवरण रायपुर संभाग हेतु ई–निविदा दस्तावेज

छत्तीसगढ़ राज्य के जिलों में कारर्पोरेशन के संबद्ध प्रदाय केन्द्रों पर स्थित गोदामों में गेहूँ प्रदाय हेतु भारत सरकार–राज्य सरकार के उद्यम/प्रतिष्ठित निर्माताओं–सहकारी अथवा निजी गेहूँ मिलें/प्रदायकर्ताओं (जो निविदा की न्यूनतम अर्हताॅए पूर्ण करते हों) से वित्तीय वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 (अर्थात 1 फरवरी 2015 से 31 जनवरी 2016 तक) के लिए ई–निविदा आमंत्रित किए जाने हेतु यह निविदा दस्तावेज हैं। निविदा कार्यक्रय का विवरण निम्नानुसार हैः–

Seq. No.	NAN	Bidder	Start		Expiry		Remarks
			Date	Time	Date	Time	
1	Release Tender		07.01.15	10.00	08.01.15	17.00	
2		Bid Download	08.01.15	17.01	05.02.15	15.00	
3		Submit Bid Hash on line Payment of bid submission fee	08.01.15	17.01	05.02.15	15.00	Envelope A and Envelope C
4	Close For Bidding (Super Hash)		05.02.15	15.01	05.02.15	16.00	Envelope A and Envelope C
5		Submit Bids on line (only with encryption by department pub. Key.)	05.02.15	16.01	06.02.15	11.00	Envelope A and Envelope C
6	Open Envelope A		06.02.15	11.01	07.02.15	14.00	Envelope A
7	Evaluation of Envelope A		06.02.15	11.01	07.02.15	14.00	
8	Open Price/financial bid Envelope C		07.02.15	14.01	07.02.15	17.00	Envelop 'C'
9	Evaluation of price Envelope C (and information to successful bidders in negotiation)		07.02.15	14.01	07.02.15	17.00	
10		Fill Negotiate Rates (if required)	--		--		
11	View Item rate Form		--		--		
12	Tender Award		--		--		

टिप्पणी :–

1. निविदा खोलने के लिये निर्धारित तारीख को यदि अवकाश घोषित किया जाता है, तो निविदा अवकाश के पश्चात् अगले कार्यकारी दिवस को खोली जायेगी लेकिन निविदा खोलने के उपरोक्त दर्शाये गये समय में परिवर्तन नहीं होगा।
2. यह निविदा फार्म अहस्तांतरणीय है ।
3. निविदा दिनांक 05.02.2015 को दोपहर 3.00 बजे तक ऑनलाईन से जमा किया जाना है। निविदा जमा करने हेतु पर्याप्त समय दिया गया है। निविदाकारों को यह सुझाव दिया जाता है कि निविदा जमा करने की ऑनलाईन निर्देश एवं प्रक्रिया का विधिवत् अध्ययन कर लें एवं अंतिम समय का इंतजार किए बिना पर्याप्त समय पूर्व, निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर ऑनलाईन निविदा जमा किया जाना चाहिए ताकि अंतिम समय में सॉफ्टवेयर/कनेक्टीवीटी आदि में तकनीकी समस्या होने पर निविदा जमा करने में कठिनाई न हो। अंतिम समय में सॉफ्टवेयर/कनेक्टीवीटी आदि में तकनीकी समस्या आने के कारण ऑनलाईन

निविदा जमा नहीं होने पर समयावृद्धि करने हेतु कोई दावा आपत्ति, अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा और ना ही मैन्युअल निविदा स्वीकार की जावेगी।

4. निविदा दस्तावेज की प्रति Online में ही प्रस्तुत की जावेगी एवं इसके हर पृष्ठ पर निविदाकार के सीलयुक्त हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

5. निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://nan.chips.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र वेबसाईट से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना होगा। निविदा फार्म के लिए राशि रू. 5000 (पांच हजार) प्रोसेसिंग फीस एवं रू. 4000 (चार हजार) बीड सबमिशन फीस कुल राशि रू. 9000 (नौ हजार) वेबसाईट http://nan.chips.gov.in में निर्धारित लिंक में चिप्स के एकाउन्ट में ऑनलाईन के माध्यम से जमा किया जाना होगा।

6. प्रमाणित किया जाता है कि इस निविदा फार्म में पृष्ठ 01 से 32 तक समाहित है। उपरोक्त समस्त निर्देश भी निविदा का भाग होगा।

7 NCDEX के माध्यम से भी निविदायें आमंत्रित की जा रही है । NCDEX एवं निगम द्वारा आमंत्रित ई–निविदा में जो भी दर न्यूनतम रहेगी वह मान्य किया जायेगा ।

Managing Director,
CG State Civil Supplies Corporation Ltd.,
Place: Raipur Chhattisg

उद्‌बोधन

प्रिय निविदाकार,

छत्तीसगढ़ राज्य के जिलों के प्रदाय केन्द्रों में कार्पोरेशन के जिलों पर स्थित गोदामों में निर्धारित स्पेसिफिकेशन की गेहूँ प्रदाय करने हेतु यह निविदा दस्तावेज है। निविदाकार को निर्धारित स्पेसिफिकेशन अनुसार गेहूँ एफ.ओ.आर. आधार पर कार्पोरेशन के संबद्ध जिलों के गोदामों में आदेशानुसार पहुँचाकर उपलब्ध कराना होगा। निर्धारित स्पेसिफिकेशन गेहूँ प्रदाय हेतु जो निविदादाता न्यूनतम अर्हताए पूर्ण करते है, जिसका विवरण इस निविदा दस्तावेज में अंकित है, ऐसे पात्र निविदाकारों से ही यह निविदा आंमत्रण प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पात्र उपभोक्ताओं को गेहूँ वितरण हेतु किया गया है।

1. उल्लेखनीय है कि यह कार्पोरेशन कंपनी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध होकर छ.ग. शासन के उपक्रम के रूप में वर्ष 2001 से कार्यरत हैं। कार्पोरेशन द्वारा मुख्यतः जन उपयोगी कार्य किए जा रहें हैं जिनमें मुख्यतः सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजनान्तर्गत खाद्यान्न/गेहूँ क्रय कर वितरण एवं गेहूं, धान तथा मोटे अनाजों का न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अंतर्गत उपार्जन करना मुख्यतः सम्मिलित है।

2. निविदाकारों से अनुरोध हैं कि कृपया इस दस्तावेज को एवं समस्त परिशिष्टों को भली भाति पढ़ने और समझने के बाद तकनीकी बिड में प्रस्तुत किये जाने वाले सभी दस्तावेजों को संपूर्ण सावधानी के साथ प्रस्तुत करें। यदि निविदाकार द्वारा तकनीकी बिड में निर्धारित कोई भी वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाते हैं तो उनकी प्रस्तुत फाइनेन्सियल बिड नहीं खोली जायेगी तथा वे निविदा में अपात्र मान्य किये जायेगें। अतः निविदाकारों को बिड पूर्ण सावधानी के साथ भरना चाहिए।

3 निविदाकार से यह भी अनुरोध है कि निविदा फार्म के प्रत्येक पृष्ठ पर सील सहित निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करें।

4. निविदांए निर्धारित स्थान, दिनांक एवं समय तक प्राप्त कर खोली जाएगी।

5. यह उद्‌बोधन, निविदा दस्तावेज मय संलग्न परिशिष्टो में गेहूँ क्रय निविदा और संविदा के विभिन्न अंग है और निविदाकार इनसे आबद्ध रहने के लिए बाध्य रहेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि निविदा की समस्त शर्तो–प्रावधानों और संलग्न परिशिष्टो का भलीभांती अध्ययन कर कार्पोरेशन के इस वृहद जन उपयोगी और व्यवसायिक कार्यो में सहभागिता के दृष्टिकोण से अपनी प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्रस्तुत करें।

प्रबंध संचालक

छत्तीसगढ राज्य में निर्धारित गोदामों पर गेहूँ प्रदाय हेतु आवश्यक विवरण एवं प्रमुख शर्ते

1. सामान्यः–

1.1 निविदाकार को अपनी निविदा स्वयं अथवा अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से व्यक्तिगत तौर पर निर्धारित स्थान और निविदा के लिए निर्धारित अंतिम तिथि और समय तक ही प्रस्तुत की जाना है। निविदाकार निर्माता अथवा प्रदायकर्ता किस हैसियत से निविदा प्रस्तुत कर रहा है, का स्पष्ट उल्लेख निविदा में करना अनिवार्य है।

1.2 निविदांए कार्पोरेशन द्वार निर्धारित निविदा प्रपत्र पर ही स्वीकार की जाएगीं जो कार्पोरेशन की वेबसाईट से डाउनलोड कर मूल प्रति पर प्रस्तुत किया जा सकेगा। इस प्रति पर कोई कटिंग/संशोधन मान्य नहीं होगा।

1.3 निविदांए कार्पोरेशन द्वारा निर्धारित निविदा शर्तो के तहत ही मान्य होगी। अतः प्रस्तुत की जा रही निविदा मे किसी भी प्रकार की शर्ते शामिल नहीं की जाना चाहिए अन्यथा निविदा स्वीकार योग्य नहीं होगा। एक बार प्रस्तुत निविदा आफर में कोई परिवर्तन या सुधार मान्य योग्य नहीं होगा। यदि कोई निविदाकार, निविदा प्रस्तुत करने के बाद उसे वापसी के लिए आवेदन देता है तो यह मान्य नहीं होगा और ऐसा करने पर निविदाकार की अमानत राशि बिना किसी अन्य सूचना के राजसात की जा सकेगी।

1.4 निविदा के लिए विज्ञापित निविदा की अंतिम तिथि के तीन दिवस पूर्व तक अपरिहार्य परिस्थितियों में निविदा की शर्तो में संशोधन किया जा सकेगा। यह संशोधन कार्पोरेशन की वेबसाईट पर देखकर निविदाकार को स्थिति अनुसार निविदा की अंतिम तिथि तक अपनी निविदा प्रस्तुत करने की जवाबदेही रहेगी। उपरोक्तानुसार संशोधन होने और इसे देखने पर कार्पोरेशन का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा और समस्त जबावदेही निविदाकार की रहेगी।

1.5 निविदाकार को निविदा की समस्त शर्तो ओर प्रदाय की समस्त स्थानीय परिस्थितियों को समझ कर ही स्वीकृति की दशा में अपनी दर प्रस्तुत की जाना है। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत दर की स्वीकृति की दशा में आफर लेटर जारी किए जाने की दिनांक से 07 दिवस में अनुबंध किया जाना आवश्यक होगा।

1.6 इस निविदा और होने वाली संविदा हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. लिमि. एवं स्वीकृत निर्माता/प्रदायकर्ता पक्षकार होंगे।

1.7 प्राप्त निविदा/निविदाओं में से किसी भी निविदा या/और समस्त निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त/मान्य करने का अधिकार कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा।

1.8 निविदाकार गेहूँ निर्माता/प्रदायकार्ता की यह स्वयं की जिम्मेदारी होगी कि गेहूँ प्रदाय हेतु आवश्यक सभी जीवित और प्रचलित लाईसेंस/परिमिट, अन्य वैधानिक दस्तावेज वह उपलब्ध रखे। इसमें कार्पोरेशन का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। दस्तावेज के अभाव अथवा निविदा में गलत जानकारी प्रस्तुत करने से कोई विवाद उत्पन्न होता है तो इसकी समस्त जवाबदारी संबंधित गेहूँ निर्माता/प्रदायकर्ता की होगी।

1.9 निविदा अवधि अंतर्गत नए जिले बनने अथवा जुड़ने पर संबंधित जिलों के अंतर्गत स्वीकृत दर पर गेहूँ प्रदाय और भुगतान प्राप्त करने हेतु अनुबंधित प्रदायकर्ता बाध्य होंगे।

1.10 निविदा की अनुबंध अवधि अपरिहार्य परिस्थितियॉं में एक माह हेतु प्रबंध संचालक द्वारा बढ़ाई जा सकेगी जिसे मानने के लिए अनुबंधित निविदाकार बाध्य होंगे।

1.11 निविदा में कोई अवस्यक भाग नहीं ले सकेगा।

2. निविदा अंतर्गत संभावित क्रय मात्रा

2.1 छ.ग. में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की आवश्यकता पूर्ति और स्टाक को बनाए रखने के दृष्टिकोंण से प्रतिमाह कुल लगभग **73992.00 मे.टन** निर्धारित मापदण्ड की गेहूँ जिसका जिलेवार विवरण निविदा के साथ संलग्न परिशिष्ट क्रमांक–2 में वर्णित है, आपूर्ति आवश्यक है जिसके लिए यह निविदा जारी की गई है जिसकी समय पर पूर्ति हेतु अनुबंधित निविदाकार की बाध्यता रहेगी। उक्त मात्रा कम या अधिक हो सकती है, शासन की इस विषय नीति परिवर्तित होने पर निविदा स्वीकृत के बाद भी क्रय को रोका जा सकता है और ऐसी स्थितियों में स्वीकृत/अनुबंधित निविदाकार को किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति की मांग का अधिकार नहीं होगा। इस बात के स्पष्ट समझने के साथ सभी निविदाकार अपनी निविदा प्रस्तुत करें।

2.2 संविदा उपरांत क्रय आदेश दिए जाने की तिथि से आदेशित मात्रा छ.ग.स्थित कारपोरेशन द्वारा किराये पर लिये गये राज्य/केन्द्रीय भण्डार गृह निगमों के गोदामों में अधिकतम 15 दिवस में पहुंचा कर सुपुर्द करने की जवाबदारी अनुबंधित निविदाकार की हागी। इस क्रय मात्रा का प्रदाय उक्त अवधि में आदेश दिनांक के अधिकतम 03 दिवस में प्रारंभ होकर दी गई समय अवधि में शीघ्रता से पूर्ण करना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर निर्धारित पेनाल्टी राशि अधिरोपित होगी और कारपोरेशन वैकल्पिक क्रय व्यवस्था कर अंतर राशि अनुबंधित निविदाकार से वसूल करने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

2.3 निगम को आगामी 01 वर्ष के लिए **73992.00 मे0टन** गेहूं की आवश्यकता होगी। प्रदायकर्ता को **प्रतिमाह 6166 मे0टन गेहूं** प्रदाय करना आवश्यक रहेगा । निगम से अनुबंध निष्पादन के 12 माह के भीतर ही इस संपूर्ण मात्रा **73992.00** मे0टन क्रय कर लिया जावेगा । इसके प्रदाय की बाध्यता प्रदायकर्ता पर रहेगी। अनुबंध की अवधि आगामी तीन माह अथवा अगले अनुबंध होने तक, जो पहले हो बढ़ाई जा सकेगी तथा निगम को आवश्यकता अनुसार 25% मात्रा की वृद्वि की जा सकती है तथा 25% तक कमी की जा सकती है।

संविदा की अवधि के दौरान किसी निश्चित मात्रा में गेहूं प्रदाय आदेश देने की गारंटी नहीं दी जा सकती है। निगम मुख्यालय से लगभग अनुमानित साप्ताहिक/पाक्षिक प्रदाय मात्रा की जानकारी यदि चाहे तो प्राप्त कर सकता है किंतु वास्तविक मात्रा कम या अधिक हो सकती है। जब–जब गेहूं की आवश्यकता होगी वह यथा संभव प्रदाय हेतु आदेश प्रतिष्ठान को सौंपा जायेगा। यदि कभी कोई गेहूं क्रय आदेश अथवा गेहूं क्रय की मात्रा कम या अधिक रही, तो इसके लिए प्रतिष्ठान कार्पोरशन को या उसके विरूद्व कोई दावा नहीं कर सकेगा एवं कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संविदा के पक्षकार गेहूं प्रतिष्ठान एवं प्रबंधक (पी.डी.एस.), छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड हैं।

3. गेहूँ का स्पेशिफिकेशनः–

3.1 इस निविदा के अंतर्गत अच्छी गुणवत्ता की A Grade गेहूँ जिसका स्पेसिफिकेशन इस निविदा प्रपत्र के साथ परिशिष्ट क्रमांक–01 के रूप में संलग्न है के अनुसार निर्धारित जिलों के गोदामों में स्वीकार की जावेगी।

3.2 प्रदाय किया जा रहा गेहूँ स्टाक नवीन गेहूँ उत्पादन वर्ष 2014–15 के स्टाक एवं मई 2015 से 2015–16 के स्टॉक से प्रदाय योग्य रहेगा। इसका उल्लेख प्रदाय किए जा रहे स्कंध के बोरों पर स्पष्टतः अंकित होना चाहिए।

3.3 निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुसार A Grade गेहूँ प्रदाय न किए जाने की स्थिति में संबंधित जिलों के गोदामों पर प्रदायकर्ता के व्यय/जवाबदारी पर ऐसे स्कंध को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

3.4 जिलों के गोदामो में जो भी A Grade गेहूँ सुर्पद किया जावेगा, वह निर्धारित गुणवत्ता की अच्छी किस्म का होना चाहिए। इस हेतु खाद्यान्न के विश्लेषण के लिये अधिकृत सर्वेयर का विश्लेषण संबंधी प्रमाण पत्र अनिवार्य रहेगा । प्रदायकर्ता द्वारा प्रदाय की गई गेहूं की सेम्पलिंग प्रदाय केन्द्र स्तर पर निगम द्वारा समय–समय पर गुणवत्ता परीक्षण किया जावेगा । गेहूँ के खराब होने/गीली होने/स्वीपेज मिश्रण होने पर अथवा कटे–फटे बारदानो में पेक होने पर किसी भी स्थिति में स्वीकार नही की जाऐगी। प्रदायकर्ता स्वतः के व्यय पर गेहूं उठाकर ले जावेगा एवं उसके स्थान पर निर्धारित गुणवत्ता का गेहूं प्रदाय करेगा ।

4 गेहूँ की पैकिंग :–

4.1 इस निविदा के तहत प्रदाय की जाने वाली गेहूँ को 50 किलोग्राम पैकिंग क्षमता के नए पोलीप्रापलीन बैंग जिसका वजन कम से कम 150 ग्राम का बैग साईज 57CM चौड़ाई एवं 96CM लंबाई में डबल मशीन स्टिचिंग के साथ प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा ।

4.2 उपरोक्त पैकिंग के प्रत्येक बैग में शुद्ध 50 किलोग्राम निर्धारित मापदण्ड की गेहूँ की स्टैंडर्ड पैकिंग होना चाहिए।

5 निविदा की अमानत/जमानत राशि :–

5.1 प्रत्येक निविदाकार को इस निविदा के साथ प्रत्येक संभाग के लिए **रूपये 1.00 करोड़** दिनांक 05.02.2015 तक छ0ग0स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो.लिमि. रायपुर के खाता क्रमांक 32169202827, IFSC CODE- SBIN 0007237, न्यूशांतिनगर, स्टेट बैंक आफ इंडिया में RTGS के माध्यम से जमा किया जाना अनिवार्य है । अमानत राशि निगम में जमा होने पर NCDEX में भी मान्य किया जावेगा तथा NCDEX में राशि जमा होने पर निगम में मान्य किया जावेगा । अतः निविदादाता को एक ही जगह अमानत राशि जमा करना है ।

5.1 निविदा पर विचार के दौरान प्रस्तुत की गई अमानत राशि पर कोई ब्याज देय नही होगी।

5.2 निविदा स्वीकृत होने की दशा मे जमा ई.एम.डी. राशि अनुबंध निष्पादन होने के उपरांत वापसी होगी। स्वीकृत दर अनुसार रूपये **7.00 करोड़** की जमानत राशि के रूप में जमा कर कार्पोरेशन के पक्ष में अनुबंध निष्पादन करना होगा। प्रतिभूति राशि किसी राष्ट्रीयकृत /शेड्यूल बैंक द्वारा बैंक गारन्टी के रूप में 15 माह के लिए प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर के नाम से जमा किया जाना होगा।

5.3 अस्वीकृत निविदाकारों की अमानत राशि निर्णय उपरांत यथाशीध्र संबंधित निविदाकारों को वापिस की जाएगी। पात्र निविदाकार जिनकी फाईनेंशियल बिड खोली गई है में द्वितीय न्यूनतम निविदाकार की भी अमानत राशि प्रथम न्यूनतम अनुबंधित निविदाकार से अनुबंध निष्पादन के बाद वापसी योग्य होगी।

5.5 निविदाकार द्वारा निविदा प्रस्तुत करने के बाद उसे वापिस लेने अथवा स्वीकृति के बाद अनुबंध न करने के फलस्वरूप प्रस्तुत अमानत राशि जब्त कर निविदाकर को आगामी 06 माह के लिए ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा।

5.6 निविदाकार के पास वित्तीय वर्ष 2012–13 अथवा 2013–14 अथवा 2014–15 में खाद्यान्न, खाद्य पदार्थ/खाद्यान्न के प्रसंस्करण व्यवसाय का 02 माह की मात्रा (लगभग 12332 मे.टन) के मूल्य के समतुल्य वार्षिक न्यूनतम टर्न ओवर **23.00 करोड़** होना अनिवार्य है। साक्ष्य स्वरूप फर्म/कम्पनी की AUDITED बेलेंस सीट, लाभ–हानि खाता संलग्न करें (UNAUDITED मान्य नहीं होगी) ।

5.7 एक निविदाकार द्वारा यदि रायपुर संभाग, के लिये निविदा डाली जाती है तो 23 करोड़ का टर्न ओव्हर, दुर्ग/बस्तर के लिये निविदा डाली जाती है तो पृथक से 23 करोड़, बिलासपुर/सरगुजा संभाग के लिये निविदा डाली जाती है तो पृथक से 18 करोड़ एवं बिलासपुर संभाग के लिये निविदा डाली जाती है तो पृथक से 18 करोड़ इस प्रकार सभी संभागों के लिये निविदा डाला जाता है तो ऐसी स्थिति में कुल टर्न ओवर 82 करोड़ का होना अनिवार्य है ।

6. निविदा में दर की प्रस्तुति :–

6.1 निर्धारित स्पेसीफिकेशन की छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि0 के छत्तीसगढ़ स्थित वर्तमान में जिलों के गोदाम में पहुंचाने के समस्त व्ययों (गेहूँ क्रय मूल्य, एक्साईज ड्यिूटी, कस्टम ड्यिूटी, सेस, वेट, प्रवेश कर, केन्द्रीय कर, सर्विस टैक्स आदि एवं लोडिंग–अनलोडिंग सहित निगम के गोदामों में पहुंचा कर स्टेक में रखवाने तक के समस्त परिवहन हम्माली, आदि समस्त व्ययों सहित) एकजाई उपरोक्तानुसार एफ0ओ0आर0दरें आमंत्रित की गई है। निविदाकार को उपरोक्त उल्लेखित व्ययों के अतिरिक्त यदि इस कार्य में अन्य करों आदि का भुगतान करना पड़ता है तो वह भी उसे वहन करना होगा कार्पोरेशन उपरोक्त के लिए किसी भी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान नहीं करेगा।

6.2 निगम के उल्लेखित जिलों में गोदामों को कार्य–सुविधा के दृष्टिकोण से निविदा के साथ संलग्न परिशिष्ट क्रमांक–02 में विवरण अनुसार इस परिशिष्ट में प्रत्येक जिले और उसके संबंद्ध गोदामों में प्रतिमाह प्रदाय की जाने वाली गेहूँ मात्रा का संभावित विवरण भी अंकित किया गया है। निविदाकारों के इस प्रपत्र के अनुसार अपनी निविदा दरें गोदाम में गेहूँ मात्रा प्रदाय करने के समस्त व्ययों सहित निविदा के साथ संलग्न परिशिष्ट क्रमांक 03 में (केवल ऑनलाईन के माध्यम से) प्रस्तुत करना होगी, जिसके आधार पर पात्र निविदाकारों में से निविदा के प्रथम और द्वितीय न्यूनतम तथा आगे के क्रम का निर्धारण किया जाएगा। निविदा दरें प्रस्तुत करते समय इस प्रक्रिया – व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए इस बारे में बाद में निविदाकार द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

6.3 निविदा में प्रस्तुत की जाने वाली दरें भारतीय रूपये में प्रस्तुत की जाना होंगी। यह निविदा दरें अनुबंधित पूरी अवधि के लिए प्रभावशील रहेंगी और बाजार में किसी भी प्रकार के उतार–चढ़ाव के कारण अनुबंधित अवधि में दरों का कोई पुनरीक्षण स्वीकार्य नहीं होगा।

6.4 निगम द्वारा NCDEX के माध्यम से भी निविदायें आमंत्रित की जा रही है । निगम द्वारा आमंत्रित दर एवं NCDEX के के माध्यम से प्राप्त दर मे जो दर न्यूनतम होगा व मान्य किया जावेगा।

7. निविदा की प्रस्तुती प्रक्रिया :–

7.1 निविदाकार को निम्नानुसार वांछित समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करने होंगे:–

अ– तकनीकी बिड समस्त दस्तावेजों का विवरण ।

ब – प्राईज बिड ।

8 अपरिहार्य कारणों से उपरोक्त घोषित शेड्यूल में परिवर्तन होने पर कार्पोरेशन मुख्यालय नोटिस बोर्ड और कार्पोरेशन की वेबसाइड पर इसे अधिसूचना किया जाएगा, जिसे निविदाकारों को दी गई सूचना मान्य किया जाएगा। पृथक से निविदाकारों को इसकी कोई सूचना नहीं दी जाएगी, अतः सभी इच्छुक निविदाकार कृपया इसका ध्यान रखें ।

8.1 निविदा के तकनीकी बिड में सफल निविदाकारों की ही फॉयनेंशियल बिड खोली जाएगी और तकनीकी बिड में असफल निविकारों की फॉयनेंशियल बिड मूल रूप से निरस्त मान्य की जाएगी।

8.2 निविदा प्राप्त करने और खोलने के उपरोक्त अंकित शेड्यूल दिवस पर यदि शासन द्वारा अवकाश घोषित किया जाता है तो अगले कार्य– दिवस पर समान समय पर यह कार्यवाही की जावेगी। इस बारे में प्रबंध संचालक द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं निविदाकारों के लिए बंधनकारी होगा।

8.3 किसी निविदाकार द्वारा निविदा में उपयुक्त दरें प्राप्त न होने पर वैध केवल एल–1 से निविदा दरों पर निगोशियेशन किया जा सकता है । इस संबंध में अंतिम निर्णय प्रबंध संचालक का होगा।

8.4. सत्यनिष्ठा संधि का पालन करना अनिवार्य होगा ।

9. प्रतिभूति राशि :–

9.1 निविदा स्वीकृत होने की दशा मे जमा ई.एम.डी. राशि अनुबंध निष्पादन होने के उपरांत वापसी होगी। स्वीकृत दर अनुसार रूपये **7.00 करोड़** की जमानत राशि के रूप में जमा कर कार्पोरेशन के पक्ष में अनुबंध निष्पादन करना होगा। प्रतिभूति राशि किसी राष्ट्रीयकृत/शेड्यूल बैंक द्वारा बैंक गारन्टी के रूप में 15 माह के लिए प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर के नाम से जमा किया जाना होगा।

9.2 प्रतिभूति राशि अनुबंध के लिए निर्धारित समयावधि के अन्दर प्रस्तुत की जाना अनिवार्य होगा ऐसा न करने पर निविदा निरस्ती के साथ प्रस्तुत अमानत राशि राजसात योग्य होगी और निविदाकार को आगामी 3 वर्ष के लिए कार्पोरेशन द्वारा ब्लेकलिस्ट किया जा सकेगा।

9.3 निविदा अनुबंध के साथ जमा प्रतिभूति राशि अनुबंध प्रदायकर्ता को अनुबंध अवधि के सफल समापन के उपरान्त वापसी योग्य रहेगी।

10 अनुबंध :–

10.1 निविदा में उल्लेखित सफल निविदाकारों को सूचित किए जाने तिथि से 15 दिवस के अन्दर निर्धारित शर्तो के अनुसार इस निविदा के साथ संलग्न परिशिष्ट क्रमांक 4 के प्रारूप अनुसार रूपये 100/– के नॉन ज्यूडिशीयल स्टॉम्प पेपर पर अनुबंध करना अनिवार्य होगा। अनुबंध न करने की स्थिति में निविदा के साथ स्थिति अनुसार जमा अमानत/प्रतिभूति राशि राजसात योग्य होगी और निविदाकार को आगामी 3 वर्ष के लिए ब्लेकलिस्ट किया जा सकेगा।

10.2 निर्धारित समय अवधि में अनुबंध न करने पर बिन्दु क्रमांक 10.1 की कार्यवाही के साथ–साथ कार्पोरेशन निविदा में सफल घोषित द्वितीय न्यूनतम निविदाकार से निर्धारण उपरांत अनुबंध के लिए स्वतंत्र रहेगा। सफल घोषित प्रथम न्यूनतम निविदाकार की कोई आपत्ति इस संबंध में मान्य नहीं होगी।

11. अनुबंधित निविदाकार की प्रदाय एवं भुगतान प्रकिया :–

11.1 अनुबंधित निविदाकारों को प्रत्येक माह की प्रथम तिथि के पूर्व में आ रहे जिलों के अंतर्गत गोदामों तक निर्धारित स्पेसीफिकेशन गुणवत्ता की अच्छी गेहूँ पहुंचकार देने के लिए अग्रिम कार्य आदेश दिए जाएंगे।

11.2 अनुबंधित निविदाकार कार्य आदेश में अंकित मात्रा की सुपुर्दगी आदेश मे अंकित तिथि तक हर हालत में निविदा प्रावधानों के अनुसार सर्वोच्य प्राथमिकता पर करने की बाध्यता रहेगी। प्रदाय आदेशानुसार संबंधित जिले के गोदामों पर निर्धारित गुणवत्ता की जो गेहूँ सुपुर्द कर प्राप्त की जाएगी मात्र इसी मात्रा के भुगतान के लिए कार्पोरेशन प्रक्रिया अनुसार उत्तरदायी होगा। गोदामों में सुपुर्द की गई अंतिम मात्रा जिसकी पावती कार्पोरेशन के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा दी जाएगी, को ही भुगतान के लिए प्रदायित मात्रा मान्य किया जाएगा। रास्ते में आने वाली मार्गस्थ कमी, अन्य स्कंध हानि अथवा निर्धारित मापदण्ड (स्पेसीफिकेशन) के अनुसार गेहूँ स्कंध न होने से अस्वीकार्य किए जाने की स्थिति में कार्पोरेशन का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा और यह समस्त निविदादाता की होगी।

11.3 अनुबंधित निविदाकार द्वारा जिलों के गोदामों पर प्रदाय की गई गेहूँ मात्रा की प्राप्ति की पुष्टि ऑनलाईन में प्रदायकेन्द्र प्रभारियों द्वारा प्रविष्ठि करने के पश्चात संबंधित जिला प्रबंधकों द्वारा गुणवत्ता प्रमाणीकरण/सत्यापन/प्राप्ति के पुष्टि करने के आधार पर ऑनलाईन से प्राप्त देयक के विरूद्व 90 % राशि का भुगतान किया जाएगा। विलम्ब की दशा में मेन्युअल ट्रक चालान /तौलपत्रक के आधार पर 90% का भुगतान किया जावेगा एवं आगामी देयक भुगतान के पूर्व के देयक के साथ आनलाईन प्रमाणीकरण का प्रमाण पत्र पुस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा । प्रदायकर्ता द्वारा ऑनलाईन देयक 02 प्रतियों में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा । शेष 10 प्रतिशत राशि का भुगतान दिए गए आदेश अंतर्गत जिलेवार गोदामों में सुपुर्द शुद्ध गेहूँ मात्रा की प्राप्ति रसीद/तौलपत्रक के आधार पर प्रत्येक प्रदाय आदेश का बिल समस्त निर्धारित मूल अनुसंलग्नकों सहित कार्पोरेशन मुख्यालय में प्रदाय समाप्ति के अधिकतम 15 दिनों के अन्दर प्रस्तुत करना होगा। जिला प्रबंधकों के प्रमाणन के आधार पर परीक्षण उपरांत 90 प्रतिशत अग्रिम भुगतान राशि का समायोजन करते हुये शेष राशि स्वीकृत की जाएगी।

11.4 प्रस्तुत बिल मुख्यालय द्वारा परीक्षण उपरान्त प्रस्तुती दिनांक से अधिकतम 10 कार्य दिवस में निर्धारित प्रक्रियानुसार पूर्ण होने पर अनुबंध की शर्तो के आधार पर यदि कोई कटौती राशि बनती है तो उसके काटकर अनुबंधित निविदकार के दिए गए बैंक खाते में आरटीजीएस/ऑन लाइन फण्ड ट्रांसफर से अंतरित कर सूचित कर दिया जाएगा। यदि कोई अनुबंधित निविदाकार बैंक ड्राफ्ट से भुगतान चाहता है तो इसका कमीशन निविदाकार से काटकर भुगतान योग्य रहेगा।

11.5 किसी अपरिहार्य परिस्थितिजन्य कारणों से अपवाद प्रकरणों में भुगतान विलंब की स्थिति में कार्पोरेशन देय राशि पर किसी भी प्रकार के ब्याज भुगतान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

12. प्रदाय में विलंब/डिफॉल्ट की स्थिति में पेनाल्टी/दाण्डिक कटौत्रा :–

12.1 प्रदाय ओदश के तहत निर्धारित मात्रा एंव निर्धरित अवधि तक प्रदाय नहीं करने पर प्रदायकर्ता द्वारा दिये गये आवेदन के पश्चात 15 दिवस तक प्रदाय अवधि बढाई जा सकती है इस अवधि में कोई पेनाल्टी नहीं काटी जायेगी। निगम प्रबंधन चाहे तो 15 दिवस के अतिरिक्त और 15 दिवस वृद्धि कर सकता है। 30 दिवस से अधिक विलंब होने पर 0.5% राशि की कटौत्री की जावेगी। इससे अधिक विलम्ब होने पर अनुपातिक रूप से विलम्ब की राशि कटौत्री की जोवगी। 03 माह के विलम्ब अवधि अथवा 3% अधिक पेनाल्टी की स्थिति में निविदा निरस्त किया जाकर निविदाकार की अमानत/जमानत राशि समायोजित कर उनका नाम काली सूची में दर्ज किया जवेगा। विलम्ब शुल्क की वसूली का अधिकार प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा।

12.2 प्रदाय आदेश के अनुसार गेहूँ प्रदाय आदेश की दिनांक से 7 दिवस में प्रारंभ कर सूचित न किए जाने की स्थिति में कार्पोरेशन निविदा के द्वितीय अथवा अन्य वैकल्पिक माध्यमों से अपनी आवश्यकता की गेहूँ क्रय कर प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र रहेगा। ऐसी स्थिति में अनुमोदित निविदा दर और कार्पोरेशन द्वारा वैकल्पिक रूप से क्रय की गई गेहूँ दर की संपूर्ण अन्तर राशि हर्जे–प्रतिभूति सहित अनुबंधित निविदाकार की प्रतिभूति राशि से काटी जाएगी। ऐसी स्थिति में अगर प्रतिभूति राशि कम निकलती है और अन्तर राशि ज्यादा निकलती है तो शेष राशि निविदाकार से विधि अनुसार वसूल की जा सकेगी।

12.3 इस बारे में प्राप्त किसी भी अभ्यावेदन पर कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक का निर्णय अंतिम एवं निविदाकार पर बंधन कारी रहेगा।

13. प्रदाय कार्य को उप पट्टे पर देना :–

इस निविदा अंतर्गत गेहूँ प्रदाय कार्य के सफल एवं अनुबंधित निविदाकार द्वारा किसी अन्य को नहीं सौंपा जा सकेगा।

14 गेहूँ सुपुर्दगी की नियमित सूचनाओं का प्रदाय :–

14.1 प्रत्येक माह अनुबंधित निविदाकार को मुख्यालय द्वारा अग्रिम प्रदाय आदेश के विरूद्ध आबंटित जिलों में जिलेवार–गोदामवार निर्धारित गुणवता की गेहूँ प्रदाय संबंधी जानकारी प्रतिदिन निर्धारित ई–मेल–फैक्स से निगम मुख्यालय में गेहूँ कक्ष तथा निगम के संबंधित जिला प्रबंधकों को प्रतिदिन देना होगी।

14.2 अनुबंधित प्रदायकर्ता को गेहूँ प्रदाय से संबंधित समस्त रिकॉर्ड केन्द्रवार जिलेवार संधारित करना होगा और चाहे जाने पर उसे कार्पोरेशन मुख्यालय/जिला कार्यालयों को मांगे जान पर प्रस्तुत करने की बाध्यता रहेगी।

15 विवादों का निपटारा :–

15.1 इस निविदा में उल्लेखित समस्त कण्डिकाओं और परिशिष्टों के अभिप्राय (इन्टरपीटेशन) के विषय में कोई विवाद होने की स्थिति में प्रबंध संचालक, छ0ग0स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन, रायपुर का निर्णय अंतिम एवं निविदाकारों पर बन्धनकारी होगा।

15.2 इस निविदा तथा अनुबंध के संबंध में कोई भी विवाद किसी प्रकार का अगर उत्पन्न होता है तो उस पर एक मात्रा आर्बीट्रेटर द्वारा निर्णय किया जावेगा। इसके लिए प्रमुख सचिव/सचिव/संयुक्त सचिव, खाद्य छत्तीसगढ़ शासन रायपुर एक मात्र आबीट्रेटर होंगे। जिसका निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा। समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र छत्तीसगढ़ रहेगा।

16 निविदा में तकनीकी बिड लिफाफे में प्रस्तुत होने वाले अनिवार्य दस्तावेजों की सूची :–

16.1 निविदाकार का परिचय एवं संक्षिप्त विवरण का प्रारूप परिशिष्ट क्रमांक – 05 भरकर एवं हस्ताक्षर–मोहर सहित निम्न संलग्नकों के साथ ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना है:–

- निविदाकार यदि भागीदारी फर्म है तो भागीदारी विलेख की प्रमाणित प्रति
- निविदाकार कंपनी होने की स्थिति में कंपनी का पंजीयन प्रमाण पत्र की नोटराइज्ड प्रति
- निविदाकार फर्म होने पर फर्म की स्थापना, पंजीयन प्रमाण पत्र की नोटराइज्ड प्रति

- निविदाकार कंपनी/फर्म/प्रोपराइटर शिप जिस हैसियत में निविदा जमा कर क रहा है, का विगत 03 वर्षो की दाखिल आयकर विवरणीयों की स्व–प्रमाणित प्रतियॉ, पेनकार्ड की प्रति, वित्तीय वर्ष 2012–13 अथवा 2013–14 अथवा 2014–15 में खाद्यान्न, खाद्य पदार्थ के प्रसंस्करण व्यवसाय का न्यूनतम टर्न **ओवर 23.00 करोड़** होना अनिवार्य है। साक्ष्य स्वरूप फर्म/ कम्पनी की AUDITED बेलेंस सीट, लाभ–हानि खाता संलग्न करें (UNAUDITED मान्य नहीं होगी) ।
- राशि रूपये **7.00 करोड़** हेतु किसी राष्ट्रीकृत/शेड्यूल बैंक द्वारा जारी सहमति पत्र की मूल प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है ।

16.2. प्रत्येक निविदाकार को इस निविदा के साथ प्रत्येक संभाग के लिए रूपये **1.00** करोड़ दिनांक 05.02.2015 तक छ0ग0स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो.लिमि. रायपुर के खाता क्रमांक 32169202827, IFSC CODE- SBIN 0007237, न्यूशांतिनगर, स्टेट बैंक आफ इंडिया में RTGS के माध्यम से जमा किया जाना अनिवार्य है । अमानत राशि निगम में जमा होने पर NCDEX में भी मान्य किया जावेगा तथा NCDEX में राशि जमा होने पर निगम में मान्य किया जावेगा । अतः निविदादाता को एक ही जगह अमानत राशि जमा करना है ।

16.3 तकनीकी बिड के संबंध में निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न परिशिष्ट क्रमांक – 06 प्रारूप को नोटराइज्ड कराकर प्रस्तुत किया जाना है। इस परिशिष्ट के साथ यदि कोई संलग्नक दस्तावेज है तो यह राजपत्रित अधिकारी अथवा प्रमाणित रूप से संलग्न किए जाने होंगे।

16.4 PRE-CONTRACT INTEGRITY PACT का पालन करना अनिवार्य रहेगा ।

नोट :–निविदा के साथ जमा किये गये सभी प्रमाण पत्र नोटराईज्ड कराकर संलग्न करना है।

17. सफल निविदाकार को अनुबंध के समय ऑनलाईन में जमा की गई समस्त दस्तावेजों की मूलप्रति जमा किया जाना अनिवार्य है ।

परिशिष्ट – एक

// गेहूँ की निविदा हेतु परिभाषाए / /
(रायपुर–संभाग)

UNIFORM SPECIFICATION FOR INDIAN WHEAT OF ALL VARIFTIES FOR RABI MARKETING SEASON 2014-2015 & (15-16 Provisional)

Wheat shall ::

(A) be the dried mature grains of triticum vulgare, T. compactum, T. sphaerococcum, T. durum, T. aestivum and T. lustre.

(b) have natural size, shape, colour and lustre.

(c) be sweet, clean, wholesome and free from obnoxious smell, discolouration, admixture of deleterous substances including toxic weed seeds and all other inpurities except to the extent indicated in the schedule below.

(d) be in sound merchantable condition.

(e) not have admixture of Argemone mexicana and lathyrus sativus (khesari) in any form, colouring matter and any obnoxious, deleterious and toxic material.

(f) conform to Food Safety and standards Act/ Rules (formerly PFA).

Schedule showing the maximum permissible limits of defferent refractions in Fair Avarage Quality of Wheat.

1.	Forign Matter %	0.75
2.	Other food grains %	2.00
3.	Damaged grains %	2.00
4.	Slightly damaged grains %	6.00
5.	shrivelled & broken grains %	6.00
6-	Moisture %	12.00

NOTE :-

1- within the overall limit specified for foreign matter, the poisonous weed seeds shall not exceed 0.4% of which dhatura and Akra (Vicia species) shall not be more than 0.025% and 0.2% by weight respectively.

2- kernels with glumes will not be treated as unsound grains during physical analysis, the glumes will be removed and treated as organic foreing matter.

3- Within the overall limit specified for damaged grains, ergot affected grains shall not exced 0.05%

4- In case of stocks having living infestation, a cut at the rate of Rupee tho per quintal may be charged as fumigaion charges.

परिशिष्ट – दो

// रायपुर – संभाग के स्थित प्रदाय केन्द्र/गोदाम का विवरण, जहां गेहूँ की पूर्ति किया जाना है //

जिलेवार गेहूँ की आवश्यकता प्रति माह :–

मात्रा (क्विंटल में)

क्र.	संभाग	क्र.	जिला	क्र.	गोदाम	केन्द्रवार आबंटन PDS
1	2	3	4	5	6	7
1	रायपुर	1	बलौदा बाजार	1	SWC-कसडोल	2644
				2	SWC-बलौदाबाजार	5806
				3	SWC-बिलाईगढ	2765
				4	भाटापारा	4676
					योग	15891
		2	धमतरी	5	SWC-कुरूद	2413
				6	SWC-धमतरी	3414
				7	SWC-नगरी-सिहावा	1426
					योग	7253
		3	गरियाबंद	8	SWC-गरियाबंन्द	152
				9	SWC-देवभोग	0.00
				10	SWC-राजिम	245
				11	SWC-मैनपुर	00
					योग	397
		4	महासमुंद	12	SWC-पिथौरा	1481
				13	SWC-बसना	3421
				14	SWC-बागबाहरा	2646
				15	SWC-महासमुन्द	3434

				16	SWC-सरायपाली	2518
					योग	13499
		5	रायपुर	17	SWC-अभनपुर	2753
				18	SWC-आरंग	2717
				19	SWC-खरोरा	1733
				20	SWC-धरसींवा	4243
				21	SWC-नेवरा	1985
				22	रायपुर	11193
					योग	24623
Gront Total						61663

नोट : उपरोक्तानुसार जिलों के प्रदायकेन्द्र के आबंटन मात्रा शासन के आबंटन के अनुसार घट–बढ़ सकती है । उपरोक्त के अतिरिक्त जिले के प्रदायकेन्द्र घट–बढ़ सकती है जहां प्रदाय, जिसे प्रदायकर्ता के लिये बंधनकारी होगा ।

————————————————————————

परिषिष्ट क्रमांक –3

निर्धारित स्पेसिफिकेशन की गेहूँ छ.ग. स्थित जिलों के गोदामों में पहुंचाकर देने के समस्त व्ययों–करों सहित निविदा दर का पत्रक

(एफ.ओ.आर वर्ष 2014–15 एवं 2015–16)

रायपुर–संभाग

क्र.	प्रदायकेन्द्रों तक पहुंचाने की दर	निविदा दरें अंको में प्रति क्विंटल	निविदा दरें शब्दों में प्रति क्विंटल
1	रायपुर संभाग के (परिशिष्ट–02 के अनुसार) सभी प्रदायकेन्द्रों तक पहुंचाकर गोदामों में स्टेकिंग करने तक की दर (50KG शुद्व वजन) (दरें समस्त करों सहित होंगी)		

नोट :– निविदा की दरें केवल ऑनलाईन के माध्यम से ही भरा जावें ।

दिनांक .....

निविदाकार का नाम.....

हस्ताक्षर/सील

हैसियत

परिशिष्ट – चार

अनुबंध–पत्र (नमूना प्रति)
(100/– रूपये मूल्य के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर)

छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि0, द्वारा मेरे/हमारे द्वारा दिनांक ..... को प्रबंध संचालक छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि., मुख्यालय रायपुर को प्रस्तुत मोहरबंद निविदा के प्रतिउत्तर में परिशिष्ट 2 में दर्शित जिलों के गोदामों में गेहूँ परिशिष्ट क्र. 3 में अंकित समस्त व्ययों–करों आदि सहित उल्लेखित गोदाम में पहुँचाकर देने तक की दरों (एफ0ओ0आर0) हेतु निविदा स्वीकृत करने के लिये सहमत हैं । अतः मैं/हम (यहॉ संविदाकार के पूरे नाम और पते का उल्लेख करें मेसर्स ..... जो कि एक पंजीयन निर्माता/भागीदारी फर्म/स्वामित्व प्रोपाईटरशिप फर्म/कंपनी है और जिसके भागीदार/स्वामी) श्री .....पुत्र.....श्री..... .....निवासी..... एवं फर्म का पंजीकृत..... (जिसे इसमें इसको आगे प्रदायकर्ता कहा गया है एवं प्रबंध संचालक, छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि0 रायपुर (जिसे इसमें आगे कार्पोरेशन कहा गया है) के बीच आज दिनांक ..... को यह करार निष्पादित करता हूँ/करते हैं । इसके द्वारा इस बात की पुष्टि करता हूँ/करते हैं कि मैंने/हमने छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के विभिन्न जिलों के गोदामों में निर्धारित स्पेसीफिकेशन की गेहूँ प्रदाय करने हेतु संविदाकार की नियुक्ति के संबंध में छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि0 द्वारा आमंत्रित निविदा क्रमांक ..... दिनांक .....तथा संपूर्ण निविदा दस्तावेज, संविदा की सामानय शर्तो और उसके अनुबंधों/निर्देशों तथा परिशिष्टों का परीक्षण मैं/हम, मेरे/हमारे द्वारा प्रबंध संचालक, छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन रायपुर को प्रस्तुत निविदा के परिणामस्वरूप प्रस्ताव पत्र क्रमांक ..... . दिनांक ..... में जो इस करार का एक भाग हैं मैं/हम गेहूँ की निविदा में प्रस्तुत एवं स्वीकार/ऑफर की गई दरों पर निविदा के प्रावधानों तथा शर्तों के अनुसार उक्त कार्य स्वेच्छा से ले रहा हूँ / ले रहे हैं । मैं/हम उक्त कार्पोरेशन को यह आश्वासन देता हूँ /देते हैं कि मैं /हम उक्त कार्य को इस संविदा की अवधि पर्यन्त सभी अवस्थाओं में मेरी/हमारी सर्वोत्म योग्यता से करूंगा/करेंगे एवं इसके प्रति पूर्ण रूप से जवाबदेह रहूँगा/रहेंगे ।

निविदा दस्तावेज में समाहित उद्बोधन, निविदा निर्देश व मार्गदर्शक सूचनाएं सभी नियम एवं शर्तें, उसमें संलग्न सभी पृष्ठ एवम् परिशिष्ट आदि इस अनुबंध पत्र के अभिन्न अंग हैं जो हमें मान्य हैं, और हम दोनों पक्षकार इनसे आबद्ध रहने के लिए बाध्य है ।

यह करार दिनांक ..... से ..... के लिये या उस दिनांक तक, जिस तक यह संविदा बढ़ाई जायें, लागू रहेगा ।

प्रदायकर्त्ता हस्ताक्षर (हैसियत सहित एवं पद–संस्था मुद्रा)	कार्पोरेशन की ओर से अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर एवं सील
साक्षी	साक्षी
1. हस्ताक्षर..... नाम एवं पता	1. हस्ताक्षर ..... नाम एवं पता .....
2. हस्ताक्षर..... नाम एवं पता	2. हस्ताक्षर ..... नाम एवं पता .....

परिशिष्ट– पॉच

//निविदाकार का परिचय एवं संक्षिप्त विवरण //

निविदाकार अपना पासपोर्ट साईज फोटो चिपकाए

प्रति,

प्रबंध संचालक,
छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. लि.
मुख्यालय, रायपुर

प्रिय महोदय,

छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि0 मुख्यालय रायपुर द्वारा स्थित जिलों के संबद्ध जिलों के गोदामों में गेहूँ गोदाम में पहुँचाकर सुपुर्दगी हेतु प्रकाशित निविदा सूचना को पढ़कर हमने/मैंने यह निविदा फार्म कार्पोरेशन की वेबसाइड में डाउनलोड किया है । हमने/मैंने निविदा के आमंत्रण में दिए गए निर्देशों, निविदा दस्तावेज–संविदा शर्तो, नियमों तथा इसके परिशिष्टों में दिये गये विवरण को भली भांति पढ़कर समझ लिया है तथा हम/मैं उनके पालन के लिए सहमत हैं/हूँ तथा बाध्य हूँ ।

इस संदर्भ में हमारा/मेरा अन्य विवरण निम्नानुसार है :–

1.	निविदाकार का नाम व पता	–	.....
2.	दूरभाष क्रमांक कार्यालय/इंडस्ट्री एवं मोबाईल नंबर	–	.....
3.	निविदाकार का ई–मेल पता एवं फैक्स नंबर एस.टी. डी. कोड सहित	–	.....
4.	निविदाकार की संस्था का स्वरूप (फर्म/कंपनी /स्वामित्व/हिंदु अविभाजित परिवार आदि)	–	.....
5.	प्रोपराईटर/भागीदार/प्रबंध संचालक का नाम व पता संपर्क दूरभाष–मोबाईल नंबर सहित	–	.....
6.	यदि भागीदारी फर्म है तो समस्त भागीदार के नाम /पते (भागीदारी विलेख की प्रमाणित प्रति संलग्न करें)	–	.....
7.	कंपनी की स्थिति में कंपनी का पंजीयन क्र0 तथा दिनांक (नोटराइजइड प्रमाणित प्रति संलग्न करें)	–	.....
8.	फर्म की स्थापना, पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक (नोटराईज्ड सत्य प्रतिलिपि संलग्न करें)	–	....
9.	बैंकर का नाम शाखा स्थान सहित (खाता क्रमांक लिखें)	–	.....
10.	निर्धारित जमा की गई जमानत राशि का विवरण राशिरूपये	–	RTGS UTR नं.....दि..... बैंक का नाम.....
11.	यदि निविदा में निर्धारित स्पेसीफिकेशन की आयातित गेहूँ प्रदाय की मंशा है तो स्थिति और इस हेतु किस देश/स्त्रोत से प्राप्त कर किस लाईसेंस के तहत दी जायेगी, का विवरण	–	.....
12.	निविदाकार का आयकर विभाग द्वारा जारी पेन नंबर–(पेन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)	–	.....

13. निविदाकार (कंपनी/फर्म/प्रोप्राइटरशिप) जिस हैसियत में भी निविदा जमा कर रहा है का विगत तीन वर्षों की दाखिल आयकर विवरणी की प्रमाणित प्रतियां सलग्न की जाएं। — .....
14. राशि रूपये 7.00 करोड़ हेतु किसी राष्ट्रीकृत/शेड्यूल बैंक द्वारा जारी सहमति पत्र की मूल प्रति — .....
15. निविदाकार के पास वित्तीय वर्ष 2012–13 अथवा 2013–14 अथवा 2014–15 में खाद्यान्न, खाद्य पदार्थ/खाद्यान्न के प्रसंस्करण व्यवसाय का 02 माह की मात्रा (लगभग 12332 मे.टन) के मूल्य के समतुल्य वार्षिक न्यूनतम टर्न ओवर 23.00 करोड़ होना अनिवार्य है। साक्ष्य स्वरूप फर्म/कम्पनी की AUDITED बेलेंस सीट, लाभ–हानि खाता संलग्न करें (UNAUDITED मान्य नहीं होगी) । — .....

घोषणा

1. उपरोक्त निविदा दस्तावेज तथा इसमें निर्धारित शर्तों के तहत कार्पोरेशन द्वारा हमें/मुझे गेहूँ प्रदाय का कार्य सौंपा जाता है तो हम/मैं निर्धारित अवधि में आवश्यकप्रतिभूति राशि और वांछित कागजात प्रस्तुत कर निर्धारित अवधि में अनुबंध करने के लिए सहमत है/हूं।
